समाचार
23 फरवरी को 08 स्थानों में लगेंगे मोबाईल मेडिकल यूनिट शिविर

कोरबा 22 फरवरी 2023 – छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत संचालित 08 मोबाईल मेडिकल यूनिट गुरूवार 23 फरवरी को विभिन्न 08 वार्डो में पहुंचकर निर्धारित स्थलों पर कैम्प करेंगी तथा नागरिकों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं उनकी बीमारियों का मुफ्त इलाज व दवाओं का वितरण करेगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 23 फरवरी गुरूवार को वार्ड क्र. 04 इंदिरा नगर दुर्गा पण्डाल, वार्ड क्र. 12 अटल आवास के पास दुर्गा पण्डाल से आगे, वार्ड क्र. 27 रामनगर सामुदायिक भवन के पास, वार्ड क्र. 37 ग्रामीण बैंक के पास सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 45 उड़िया बस्ती सांस्कृतिक मंच के पास, वार्ड क्र. 46 अयोध्यापुरी नवधा चौक में सांस्कृतिक मंच, वार्ड क्र. 62 नरईबोध स्टेज के पास, वार्ड क्र. 67 गजरा आंगनबाड़ी केन्द्र बांधापारा के सामने कैम्प लगाए जाएंगे। महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने संबंधित वार्ड पार्षदों से अपील करते हुए कहा है कि वार्डो में लगने वाले मोबाईल मेडिकल यूनिट शिविरों की जानकारी वार्ड के नागरिकों को देने के साथ ही शिविर में अपना सहयोग प्रदान करें ताकि अधिक से अधिक लोग अपनी निःशुल्क जांच व बीमारियों का इलाज करा सके तथा शासन की इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ उन्हें प्राप्त हो सके।